प्रेस नोट

जनपद मुजफ्फरनगर

दिनांक 16.10.2024

➢ थाना खतौली पुलिस द्वारा 03 टप्पेबाज अभियुक्तगण गिरफ्तार-

दिनांक 15.10.2024 को प्रभारी निरीक्षक थाना खतौली श्री बृजेश कुमार शर्मा मय हमराहीगण द्वारा टप्पेबाजी की घटना में थाना खतौली पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0-397/2024 303(2)/318(4) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए 03 शातिर टप्पेबाज अभियुक्तगण 1- अमरजीत झा पुत्र लल्लन झा निवासी ग्राम करहेड़ा थाना साहिबाबाद, गाजियाबाद, मूल निवासी बेहटा बेनीपट्टी, मधुबनी, बिहार। 2- नवीन उर्फ लक्की पुत्र सत्यपाल निवसा भोपरा थाना टीला मोड़, गाजियाबाद। 3- योगेश पुत्र महावीर निवासी नादरमई थाना अमापुर, कासगंज को रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 कार (घटना में प्रयुक्त), 12,100/- रूपये नगद, 01 तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 02 अवैध चाकू बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली, पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ थाना चरथावल पुलिस द्वारा गोवंशीय पशुओं को गौकशी के लिये ले जाना वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार-

दिनांक 16.10.2024 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री अमित कुमार मय हमराहीगण द्वारा दौराने चैकिंग 01 शातिर अभियुक्त चन्द्रबोष उर्फ भूरा पुत्र कांशीराम निवासी ग्राम चौकड़ा थाना चरथावल मुजफ्फरनगर को ग्राम चौकड़ा के पास जंगल से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को कब्जे से 04 गौवंशीय पशुओं को बरामद किया गया। अभियुक्त द्वारा गौवंशीय पशुओं को गौकशी हेतु अपने साथी गौकशों को उपलब्ध कराया जाता था। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चरथावल पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-216/2024 धारा 3/5ए/8 गौवध निवारण अधिनियम व 3/11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना मीरापुर पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र सहित 03 अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 16.10.2024 को थाना मीरापुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री ललित कुमार मय हमराहीगण द्वारा दौराने पुलिस चैकिंग 03 शातिर अभियुक्तगण 1- विकास पुत्र बलविन्दर निवासी ग्राम देवल थाना रामराज, मुजफ्फरनगर। 2- अवतार सिंह उर्फ तारू पुत्र सलवेन्दर निवासी ग्राम देवल थाना रामराज, मुजफ्फरनगर। 3- गुरविन्दर उर्फ बलविन्दर पुत्र हरजिन्दर निवासी ग्राम औरंगपुर बीबी थाना कोतवाली नगर, बिजनौर को ग्राम महसूमपुर खोला के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 06 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 अवैध चाकू तथा बुलेट मोटरसाइकिल यूके 06 एडी 3866 बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मीरापुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-166/2024 धारा 3/4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए 03 चोर अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 16.10.2024 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री सतेन्द्र सिंह ढिल्लो मय हमराहीगण द्वारा थाना सिविल लाईन पर पंजीकृत बैंक से चोरी के अभियोग मु0अ0सं0-205/2024 धारा 305/324(4)/331(4) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए 03 शातिर चोर अभियुक्तगण 1- शमीम पुत्र शेरअली निवासी ग्राम खेड़ी फिरोजाबाद थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर 2- उवैश पुत्र वाजिद निवासी सरवट थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनर 3- शहजाद पुत्र सलीम निवासी ग्राम पलड़ी थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को दौराने पुलिस चैकिंग संधावली अण्डरपास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 मोटरसाइकिल, 01 अवैध चाकू, 01 मॉनीटर (मु0अ0सं0205/2024 धारा 305/324(4)/331(4) बीएनएस) से सम्ब्धित , 9,900/- रूपये नगद बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।